# ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’

## चर्चा में क्यों?

25 अगस्त, 2021 को उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के द्वितीय चरण के अंतर्गत लाभार्थियों को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन वितरित किया।

## प्रमुख बिंदु

- ध्यातव्य है कि हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा 10 अगस्त, 2021 को **‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के द्वितीय चरण** का शुभारंभ प्रदेश के **महोबा जनपद** से किया गया है। इसके तहत देश में **कुल 1 करोड़ निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन** गरीब एवं ज़रूरतमंद परिवारों को प्रदान किये जाएंगे।
- ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के द्वितीय चरण हेतु प्रदेश के 10 जनपदों- सोनभद्र, बांदा, महोबा, चित्रकूट, रायबरेली, हरदोई, बदायूँ, अमेठी, फतेहपुर एवं फर्रुखाबाद का चयन किया गया है। इन जनपदों की 20 लाख लाभार्थियों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किये जाएंगे।
- गौरतलब है कि **‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के प्रथम चरण के तहत देश के 8 करोड़** से अधिक परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किये जा चुके हैं। प्रदेश में योजना से **1.47 करोड़ परिवार लाभान्वित** हुए हैं। यह **संख्या पूरे देश में सर्वाधिक** है।
- ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के द्वितीय चरण में उन **प्रवासी श्रमिकों के लिये विशेष प्रावधान** किये गए हैं, जो ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के प्रथम चरण में पते के प्रमाण के अभाव में योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गए थे।
- गौरतलब है कि ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के अंतर्गत मार्च 2020 तक 8 करोड़ वंचित परिवारों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य था, जिसे 7 महीने पूर्व सितंबर, 2019 में प्राप्त कर लिया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-ujjwala-yojana-2